हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 24 जुलाई 2025



11 हर तरफ गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे, मंदिरों में चढ़ाई गई कांवड़


12 सीईटी परीक्षा: परीक्षार्थियों के लिए रूट चार्ट तैयार, 'सीईटी ट्रैवल' ऐप...


**अनदेखी से गांव में बना भय का माहौल**

## ग्रामीणों में भय : गोलवा गांव में तेंदुए ने बाड़े में घुसकर कटड़े पर किया हमला, भैंस का शोर सुनकर पशुपालक जागे

- 10 दिन पहले गामीणों ने वाइड लाइफ विभाग को शिकायत देकर तेंदुए को पकड़ने की लगाई थी गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ निजामपुर

गोलवा गांव में तेंदुए ने बाड़े में घुसकर कटड़े पर हमला पर दिया। हमले से भयभीत हुए अन्य मवेशियों ने रैंकना आरंभ कर दिया। जिसका शौर सुनकर पशुपालक की नींद खुल गई। उन्होंने टार्च की मदद से बाड़े का अवलोकन किया, तो तेंदुए ने कटड़े की गर्दन दबौच रखी थी।

उन्होंने अन्य पशुपालकों के साथ लाठी व डंडे दिखाकर हिंसक जानवर को भगाया है। घटना की सूचना पाकर फोरेस्ट विभाग तथा वाइड लाइफ विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। मौका निरीक्षण करने के बाद उन्होंने तेंदुए को पकड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक गोलवा निवासी सुबेसिंह जागीरदार ने गांव से बाहर निजी जमीन पर पशुओं का बाड़ा बना रखा है। जिसमें रात को पशु बांधने के बाद नजदीक मकान में परिवार के साथ सोता है। मंगलवार की रात भैंस, कटड़े व अन्य छोटे मवेशी बाड़े में बंधे हुए थे। इसी दौरान करीब दो बजे भैंस व अन्य मवेशियों ने रैंकना आरंभ कर दिया। जिसे सुनकर सुबेसिंह की आंख खुल गई। उन्होंने तत्परता से टॉर्च लेकर बाड़े का अवलोकन किया। जिसमें तेंदुए को देखकर हक्का बक्का रह गया।

तेंदुए ने कटड़े की गर्दन को दबौच रखी थी तथा पंजों से शरीर को दबा रखा था। टॉर्च की रोशनी पड़ते ही तेंदुआ सुबेसिंह की तरफ गुर्राने लगा। भयभीत पशुपालक ने अन्य ग्रामीणों से मदद की गुहार लगाई। इसके बाद 20 से 25 ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने लाठी, डंडे


निजामपुर। तेंदए के हमले में घायल हुआ कटड़ा।

तथा पत्थरों की मदद ने तेंदुए को बाड़े से बाहर भगाया। एकत्रित पशुपालक घायल कटड़े को संभाल रहे थे। इसी दौरान तेंदुआ दोबारा बाड़े के पास पहुंच गया। एकजुट हुए ग्रामीणों ने पहाड़ तक तेंदुए को भगाया तथा सुबह होने पर फोरेस्ट विभाग को घटना से अवगत कराया। मौके पर पहुंचे फोरेस्ट विभाग के रेंजर रजनीश यादव ने वारदात स्थल का अवलोकन किया तथा वाइड लाइफ विभाग के जिला इंचार्ज को स्थिति से अवगत कराया। दूसरी तरफ ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने बताया कि पहाड़ नजदीक होने के कारण यहां महिलाएं घास लेने जाती हैं, युवा लड़के दौड़ करने जाते हैं। इसके अलावा मवेशी भी पहाड़ पर घास चरते हैं। जिन्हें तेंदुए से जानलेवा हादसे का खतरा बढ़ गया है। समस्या से विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया था। इसके बावजूद उन्होंने हिंसक जानवर को नहीं पड़का। ऐसे में लोगों को भय के साये में घरेलू कामकाज करने पड़ रहे हैं।

### 20 दिन पहले पहाड़ में देखा, लेकिन विभाग ने किया अनदेखा

राजाराम गोलवा ने बताया कि करीब 20 दिन पहले नांगल चौधरी से घर जा रहा था। इसी दौरान गांव के पास पहाड़ पर एक जानवर दिखाई दिया। इसके बाद उन्होंने गाड़ी की लाइटों को पहाड़ की तरफ किया, तब यह जानवर तेंदुआ होने की पुष्टि हुई थी। जिससे फोरेस्ट व वाइड लाइफ विभाग को अवगत कराया था, लेकिन उन्होंने ग्रामीणों की शिकायत को अनदेखा कर दिया। जिसके परिणाम स्वरूप तेंदुआ मवेशियों को शिकार बनाने लगा है।

### तेंदुए की पुष्टि के लिए जुटाएंगे साक्ष्य, पिंजरे की मदद से पकड़ेंगे

वाइड लाइफ विभाग के निरीक्षक चरण सिंह ने बताया कि पहाड़ में तेंदुआ होने की शिकायत मिली है। जिसने बीती रात बाड़े में घुसकर एक कटड़े पर हमला किया है। तेंदुए की पुष्टि के लिए पहाड़ से साक्ष्य जुटाए जाएंगे। इसके बाद उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट देकर पिंजरा भेजने की सिफारिश की जाएगी। उन्होंने बताया कि अरावली के पहाड़ों में पहले भी हिंसक जानवर मिल चुके हैं।

---

**खबर संक्षेप**

### नाक में लॉन्ग पहनने आई महिला बाली लेकर फुर्र

**कनीना।** कनीना में एक सुनार की दुकान पर पहुंची महिला ग्राहक बाली लेकर चम्पत गई। जिसका अभी तक सुराग नहीं लग सका है। इस बारे में नरेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सप्ताहभर पूर्व उनकी दुकान पर चार महिलाएं आई ओर आभूषण देखने लगी। उनमें से एक औरत ने नाक की लॉन्ग पहनाने को कहा। वह लॉन्ग पहनाने लगा तो दूसरी औरत ने बाली का पैकेट उठा लिया और चुरा ले गई। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की बैठक

**नांगल चौधरी।** ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव महेश सोडा की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। जिसमें 25 जुलाई को दिल्ली में प्रस्तावित ओबीसी सम्मेलन को सफल बनाने की रूपरेखा बनाई गई। कार्यकर्ताओं को गांव वाइज वाहनों की जिम्मेवारी सौंपी, ताकि पार्टी के वर्कर सुविधा पूर्वक सम्मेलन में पहुंच सकें। इस मौके पर जगदीश गिरदावर, लक्ष्मण मुनीम, गूगनराम, योगेश जागीरदार, सुमेर सिंह गुर्जर, अमित यादव हसनपुर मौजूद रहे।

---

**प्रतिदिन अपने कार्यालय में आमजन की समस्याएं सुनेंगे अधिकारी, फोन से भी बता सकेंगे समस्या: अरविंद शर्मा**

## 10 में से 2 का ही समाधान, मेंबर बोले...अधिकारी नहीं उठाते फोन

- सहकारिता मंत्री ने ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य की शिकायत पर लिया संज्ञान काफी लोगों को नहीं मिला है अपनी शिकायत देने का मौका
- दो शिकायतों पर सहकारिया मंत्री ने दिखाई सख्ती, निर्धारित समयावधि पर शिकायतों का समाधान नहीं होने पर गिरेगी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा ने स्पष्ट किया है कि अब आमजन की समस्याओं को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे रोजाना अपने कार्यालय में बैठकर सुबह 11 से 12 बजे तक लोगों की शिकायतें सुनें और समाधान करें। इतना ही नहीं आमजन फोन के माध्यम से भी अपनी समस्याएं बता सकेंगे। यह फैसला मंत्री ने ग्रीवेंस कमेटी के एक सदस्य की शिकायत पर लिया। ग्रावेंस कमेटी के सदस्य का कहना था कि उन्होंने सार्वजनिक समस्या को लेकर जेई के पास फोन किया था। लेकिन जेई ने उनका फोन नहीं उठाया तथा उन्होंने एक्सईएन के फोन पर वीडियो भेजी थी। इस पर मंत्री ने अधिकारियों को सख्त लहजे में चेताया कि अब ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कष्ट निवारण समिति की कुल 10 शिकायतें प्रस्तुत की गईं, लेकिन इनमें से सिर्फ दो का ही समाधान हो पाया। कई लोगों ने यह भी बताया कि उन्हें तो अपनी शिकायत रखने का मौका ही नहीं मिला। इससे साफ है कि व्यवस्थाओं में अब भी सुधार की आवश्यकता है। इस मौके पर नारनौल विधायक ओमप्रकाश यादव, एसपी पूजा वशिष्ठ, अतिरिक्त उपायुक्त सुशील कुमार, डीएमसी रणबीर सिंह, नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी, जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, अटेली के पूर्व विधायक अटेली सीताराम यादव, एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह कनीना, एसडीएम अनिल कुमार यादव महेंद्रगढ़, एसडीएम रमित यादव नारनौल, एसडीएम उदय सिंह नांगल चौधरी, सीएमओ डॉ. अशोक कुमार, डीएसपी दिनेश कुमार, जीएम रोडवेज मनोज कुमार, डीडीपीओ हरिप्रकाश बंसल, डीआरओ राकेश कुमार, तहसीलदार अजय कुमार, नायब तहसीलदार निशा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।


महेंद्रगढ़। लोगों की शिकायत सुनते मंत्री अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### दो अधिकारियों को दी एक्शन करने की चेतावनी

बैठक के दौरान नारनौल सिंघाना रोड निवासी शिकायतकर्ता बिशनदयाल ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए सरकार के नाम होनी है। लेकिन 12 वर्ष बीत जाने के बाद अधिकारियों की लापरवाही के चलते सरकार के नाम जमीन नहीं हो पाई है। शिकायतकर्ता का जवाब देते हुए राजस्व अधिकारी ने कहा कि उन्होंने पीडब्ल्यूडी भिवानी को इसके लिए लिखा हुआ है। उनका कहना है कि उनके पास कर्मचारियों के अभाव है। सहकारिता मंत्री सख्ती दिखाते हुए कहा कि 12 वर्ष का समय बहुत होता है। मंत्री ने जिला राजस्व अधिकारी को जमाबंदी ऑनलाइन करने के लिए 45 दिन का समय दिया और कहा कि इस दौरान यह कार्य पूरा नहीं हुआ तो कार्रवाई के लिए तैयार रहे। अब देखना यह है कि मंत्री के इन निदेर्शों के बाद अधिकारी कितनी गंभीरता से आमजन की बात सुनते हैं और क्या शिकायतों के समाधान की दर में सुधार आता है या नहीं।

### यूं चला बैठक में समस्या के समाधान का दौर

- बैठक में महेंद्रगढ़ की राम विहार कॉलोनी वासियों द्वारा रखी गई पेयजल व शिविर की समस्या पर सहकारिता मंत्री ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द एस्टीमेट तैयार कर समस्या का स्थाई समाधान करने के निर्देश दिए।
- नारनौल की नई कॉलोनी जमालपुर वासियों द्वारा पानी की निकासी न होने की समस्या पर मंत्री ने जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्यों व नगर परिषद के अधिकारियों की कमेटी बनाकर जांच करने के निर्देश दिए।
- गांव धन्नौदा की कॉलोनी निवासियों ने बताया कि उनकी कॉलोनी में जाने का रास्ता नहीं है। बिजली निगम के अधिकारी जवाब देते हुए कहा कि यह जमीन बिजली निगम की है। कॉलोनी का यहां रास्ता नहीं है। मंत्री ने आदेश देते हुए कि जिस प्रॉपटी डीलर कॉलोनी काटी थी। उसकी जांच होनी चाहिए। प्रॉपटी डीलर के कॉलोनी काटते समय ग्रामीणों को अगर रास्ता देने का आश्वासन दिया था तो उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। मंत्री ने कहा कि इस मामले की निगम के एसडीओ, विधायक ओमप्रकाश यादव, जिला अध्यक्ष यतेंद्र, पूर्व विधायक सीताराम मौके पर जाकर जांच करेंगे।
- महेंद्रगढ़ की राम विहार कॉलोनी वासियों ने समस्या रखते हुए बताया कि करीब 30 वर्ष पहले उनकी कॉलोनी अप्रूव्ल हुई थी लेकिन आज कॉलोनी के लोग अपनी जेब से पैसे खर्च करके पानी पी रहे है तथा सीवरेज व सड़क नहीं होने के कारण उनको भारी परेशानी उठानी पड़ रहीं है। इसके जवाब में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने जवाब देते हुए एक ट्यूबवेल का प्रस्ताव बनाकर मंजूरी के लिए भेज दिया है। जल्द ही कॉलोनी के लोगों की समस्या का समाधान कराया जाएगा।
- नारनौल के हुड्डा सेक्टर निवासी सुनील गोयल ने बताया कि वर्ष 1962 से उनके पास शहर में एक जमीन है तथा प्रॉपटी टैक्स अदा कर रहे है लेकिन नप के अधिकारियों इस जमीन को अपनी बता रहे है। मंत्री शिकायत पर संज्ञान लेते नगर परिषद् के एमई को कागजात की जांच करके शिकायतकर्ता की समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया।
- गांव गहली निवासी कृष्ण कुमार की रास्ता बंद की शिकायत पर मंत्री ने संबंधित अधिकारी को पैमाइश करवा कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

---

## मांगों को लेकर नप कर्मियों का धरना जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल


नारनौल। नगर परिषद परिसर में धरना देते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

नगर पालिका कर्मचारी संघ की स्थानीय इकाई ने अपनी मांगों को लेकर धरना बुधवार को दूसरी दिन भी नप परिसर में जारी रखा। इस अवसर पर प्रधान सुरेश कुमार ने कहा कि नगर परिषद प्रशासन को कई बार अपनी मांगों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि तीन नवबंर 2017 से बकाया ऐरियर के बारे कर्मचारी यूनियन की ओर से पत्र के माध्यम से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन प्रशासन ने कर्मचारियों की एक नहीं सुन रहा है। इसलिए कर्मचारियों को धरने पर बैठना पड़ रहा है।

प्रदेश में सभी नगर पालिकाओं में एरियर दिया जा चुका है, लेकिन नगर परिषद प्रशासन कर्मचारियों की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा। कर्मचारियों का तीन साल के ड्रेस व जूते बकाया हैं। पांच दिन की सेलरी बकाया है, जबकि कर्मचारियों ने रविवार के दिन भी काम किया था, उसकी सेलरी भी दिलवाई जाए। उन्होंने मांग की कि कच्चे कर्मचारियों के आईडी कार्ड बनाए जाए, कच्चे कर्मचारियों का ईएसआई कार्ड बनवाया जाए, पक्के कर्मचारियों की एसीपी लगाई जाए, प्रमोट हुए दरोगा की सेलरी पर मुनाफा दिया जाए। मौके पर सचिव महावीर प्रसाद, जिला प्रधान राहुल सारवान, राज्य कैशियर महेंद्र सिंह, प्रताप सिंह दरोगा, महेंद्र चौहान, भूपेंद्र दरोगा, सुनील, मनोज, आशु, विक्रम, दीपक, रवि, धर्मेंद्र, बबली देवी, ममता देवी, मीनू देवी, कृष्णा देवी, अंजू देवी आदि मौजूद रहे।

## च्यवन वाटिका हर्बल पार्क में 54 तरह की जड़ी बूटियां लगाने के निर्देश

- सहकारिता मंत्री ने किया ढोसी हिल्स रोपवे प्रोजेक्ट साइट का निरीक्षण
- रोपवे से पर्यटक बढ़ेंगे व रोजगार के नए द्वार खुलेंगे : डॉ. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने बुधवार को ढोसी हिल्स पर बनने वाले रोपवे प्रोजेक्ट की साइट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह परियोजना हरियाणा सरकार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सरकार का मुख्य लक्ष्य क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रोपवे के निर्माण से न केवल पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे।



नारनौल। ढोसी हिल्स रोपवे प्रोजेक्ट की साइट का निरीक्षण करते व च्यवन वाटिका हर्बल पार्क की विजिट करते सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा।

रोपवे प्रोजेक्ट साइट के निरीक्षण के बाद डॉ. शर्मा ने च्यवन वाटिका हर्बल पार्क कुलताजपुर का दौरा किया। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पार्क में 54 प्रकार की जड़ी बूटियां लगाई जाएं, ताकि हमारी प्राचीन औषधीय पद्धति को और अधिक समृद्ध किया जा सके। पार्क में 36 तरह की जड़ी बूटियां इसी सीजन में लगा दी जाएगी। सहकारिता मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार लोगों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। भविष्य में इस पार्क को और अधिक आकर्षक बनाया जाएगा।


मौके पर पूर्व मंत्री एवं नारनौल के विधायक ओमप्रकाश यादव भी उपस्थित थे। सहकारिता मंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया। इस मौके पर उपायुक्त डॉ. विवेक भारती, डीएफओ विजेंद्र सिंह, एसडीएम रमित यादव, बीजेपी के जिला प्रधान यतेंद्र राव, नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी आदि मौजूद रहे।

---

## नायलॉन, प्लास्टिक या किसी अन्य सिंथेटिक सामग्री से बने पतंग वाले धागे की बिक्री, उत्पादन, भंडारण पर पूर्ण प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नायलॉन, प्लास्टिक या किसी अन्य सिंथेटिक सामग्री से बने पतंग उड़ाने वाले धागे की बिक्री, उत्पादन, भंडारण, आपूर्ति आयात और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध जिलाधीश डॉ. विवेक भारती ने एक आदेश पारित कर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 व एचएसपीसीबी निर्देशों के अनुसार नायलॉन, प्लास्टिक या किसी अन्य सिंथेटिक सामग्री, जिसमें लोकप्रिय रूप से चीनी मांझा और किसी अन्य सामग्री से बने पतंग उड़ाने वाले धागे की बिक्री, उत्पादन, भंडारण, आपूर्ति, आयात व उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। यह आदेश जिले के संपूर्ण क्षेत्र में जारी होने की तिथि से लागू होगा।


नारनौल। चाइनीज मांझे। फोटो : हरिभूमि

जिलाधीश ने आदेशों में स्पष्ट किया है कि महेंद्रगढ़ जिले में पतंग उड़ाने के लिए किसी भी प्रकार के नुकीले धागे, जैसे कांच, धातु या किसी अन्य नुकीली सामग्री से युक्त का उपयोग वर्जित है। पतंग उड़ाने की अनुमति केवल सूती धागे से दी जाएगी, जो किसी भी प्रकार के नुकीले, धात्विक, कांच के घटकों, चिपकने वाले पदार्थों, धागे को मजबूत करने वाली सामग्री से मुक्त हो। पतंग उड़ाने के दौरान पतंगबाजी प्रतियोगिता या अन्य किसी कारण से कई पतंगें आसमान में कट जाती हैं। ये सभी कटे हुए धागे पतंगों के साथ ज़मीन पर ही रह जाते हैं। प्लास्टिक सामग्री के लंबे जीवनकाल और गैर जैवनिम्नीकरणीय प्रकृति के कारण ये धागे पर्यावरण की दृष्टि से चिंता का कारण बन जाते हैं। पक्का धागा डोरी और चीनी मांझा व डोरी री के उपयोग के कारण मानव और पक्षियों को गंभीर चोट या मृत्यु होने के खतरे के साथ साथ वन्यजीवों और पर्यावरण को भी नुकसान होता है।

### अधिकारी करवाएंगे आदेशों का पालन

डॉ. भारती ने कहा कि अक्सर विद्युत लाइनों और उप स्टेशनों पर फ्लैश ओवर का कारण बनते हैं। जिससे उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति बाधित हो सकती है, विद्युत संपत्तियों पर दबाव पड़ सकता है और उन्हें नुकसान पहुंच सकता है। पुलिस अधीक्षक, सभी उप मंडल मजिस्ट्रेट, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पर्यावरणए वन एवं वन्यजीव विभाग के सभी अधिकारी जो वन्यजीव निरीक्षक के पद से नीचे के न हों, हरियाणा पुलिस के अन्य सभी अधिकारी जो उप निरीक्षक के पद से नीचे के न हों, नगर परिषद व नगर समितियों के कार्यकारी अधिकारी, सचिव, नगर पालिका अभियंता, कनिष्ठ अभियंता व स्वच्छता निरीक्षक महेंद्रगढ़ जिले में अपने अपने क्षेत्राधिकार में इन आदेशों का पालन करवाएंगे। इस आदेश के किसी भी उल्लंघन पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 व कानून के अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

## बिना मान्यता के चल रहे प्ले स्कूल 31 तक करें ऑनलाइन आवेदन

- नियमों का उल्लघंन करने पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जिले में बिना मान्यता के चल रहे सभी प्ले स्कूलों को 31 जुलाई तक सरल पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। प्ले स्कूल के साथ साथ इसमें वह स्कूल भी शामिल हैं, जो कक्षा एक से 12वीं तक संचालित हैं। जिनके प्ले स्कूल किसी अन्य जगह पर चल रहे हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी संगीता यादव ने बताया कि जिला शिक्षा विभाग की ओर से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जिला में कुल 270 प्राईवेट स्कूल चल रहे हैं। इन स्कूलों में से ऐसे स्कूलों को भी आवेदन करना अनिवार्य है। जिनके प्ले स्कूल किसी अन्य जगह पर चल रहे हैं। तय समय में आवेदन नहीं करने पर विभाग की ओर से कार्रवाई की जाएगी। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली के निर्देशों के अनुसार कोई भी प्ले स्कूल बिना मान्यता के नहीं चल सकता है। यदि कोई स्कूल नियमों का पालन नहीं करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्ले स्कूल भवन स्वच्छ, सुरक्षित व तय मानकों के अनुरूप होना चाहिए। स्वच्छ पेयजल शौचालय इत्यादि की व्यवस्था होनी चाहिए। जो भी वाहन स्कूल की ओर से बच्चों को लाने ले जाने के लिए प्रयोग में लाए जा रहे हैं, वह भी मानकों पर सही हो, साथ साथ स्कूल परिसर में सीसीटीवी कैमरे व अग्निशमन यन्त्र भी लगे होने अनिवार्य है। प्ले स्कूल में कार्यरत शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों का पूर्ण ब्यौरा पुलिस सत्यापन सहित होना जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना पंजीकरण के कोई भी प्ले स्कूल नहीं चलेगा। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि बच्चों का दाखिला करवाने से पहले प्ले स्कूल की मान्यता की जांच अवश्य कर लें।



## डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# बारिश के मौसम में जब बढ़े जोड़ों का दर्द



**मेरी उम्र 63 वर्ष है। बारिश का मौसम शुरू होने पर मेरे घुटनों में दर्द बढ़ जाता है, चलने में परेशानी होती है। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-जगदीप, भोपाल**

आपने यह नहीं बताया कि क्या आपके घुटनों में हमेशा दर्द रहता है? आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि इस मौसम में दर्द बढ़ जाता है। अगर ऐसा है तो इसका कारण ढूंढना चाहिए। इस मौसम में धूप नहीं निकलती है। लगातार बारिश होने पर नमी रहती है, जिससे इस तरह की समस्या देखी जाती है। विटामिन डी और B12 की कमी से दर्द बढ़ सकता है। एक बार हड्डी रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। जांच करने के बाद ही इसका उपचार किया जा सकता है।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। मेरे पेट के निचले हिस्से में दाईं तरफ अकसर दर्द होता रहता है। कभी-कभी यह दर्द बहुत तेज और असहनीय हो जाता है। कृपया बताएं क्या करूं?**

**-चेतन, बिलासपुर**

दर्द होने की कई वजहें हो सकती हैं। कभी स्टोन की वजह से तो कई बार इंफेक्शन भी दर्द का कारण बनता है, लेकिन बगैर जांच किए कुछ भी कहना मुश्किल है। इसलिए डॉक्टर से संपर्क कर सबसे पहले अल्ट्रासाउंड कराएं, जिससे दर्द का कारण पता चलेगा, इसके बाद ट्रीटमेंट किया जा सकेगा। बगैर जांच के कोई भी दवा ना खाएं, कई बार यह नुकसानदायक हो सकती है।

**मेरी उम्र 57 वर्ष है। जब भी मैं किसी भीड़-भाड़ वाली जगह पर जाता हूं, मुझे सांस लेने में तकलीफ होने लगती है। छींकें भी आने लगती हैं। ऐसा क्यों होता है और इस प्रॉब्लम से कैसे बचा जाए?**

**-कुलदीप, रायपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको डस्ट या धूल से एलर्जी हो सकती है। जब आप घर से बाहर निकलते हैं तो एलर्जन सक्रिय हो जाते हैं और इस वजह से छींक आने लगती है। इससे बचाव का एक ही तरीका है कि घर से बाहर निकलते हुए आप मास्क लगाएं, इससे आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरी कमर और बैक बोन में अकड़न रहती है और हल्का-हल्का दर्द भी होता रहता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-आर्यन, महासमुंद**

आपने यह नहीं बताया कि आपका वर्क प्रोफाइल क्या है, क्योंकि आजकल युवाओं में इस तरह की समस्याएं अधिक देखने को मिलती हैं। इसकी वजह लंबी सिटिंग वाली जॉब और अनियमित लाइफस्टाइल है। इससे बचाव का एक ही तरीका है कि आप सुबह और शाम नियमित रूप में बैक की एक्सरसाइज करें। इसके अलावा कैल्शियम वाली डिशेज अधिक खाएं। साथ ही विटामिन डी और B12 की कमी होना आजकल शहर के लोगों में आम है। डॉक्टर की सलाह पर इसकी दवा भी ले सकते हैं।

**मेरी उम्र 56 वर्ष है। मैं जब भी सीढ़ियां चढ़ता-उतरता हूं मेरी सांस फूलने लगती है। जबकि प्लेन सरफेस पर चलने-फिरने से ऐसा नहीं होता। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-विनोद शंकर, कुरुक्षेत्र**

सांस फूलने की वजह कई बार कमजोरी हो सकती है तो कई बार दिल संबंधी बीमारी की वजह से ऐसी समस्या देखने को मिलती है। क्योंकि आपकी उम्र अधिक है, इसलिए आप लापरवाही ना बरतें। डॉक्टर से संपर्क कर पहले शरीर में खून की जांच कराएं, अगर वह नॉर्मल है तो आपको हृदयरोग विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए, वो ईको और टीएमटी जैसी कुछ हार्ट की जांच कराएंगे, जिससे समस्या का पता चल जाएगा और अगर कोई हार्ट की समस्या है तो इसका इलाज हो सकेगा। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

## डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ. रणधीर सूद
प्रेसिडेंट-गैस्ट्रोएंटरोलॉजी
मेदांता हॉस्पिटल, गुरुग्राम

स्पेशल: वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे, 28 जुलाई

पाचन तंत्र के पावर हाउस यकृत (लिवर) से संबंधित खतरनाक बीमारी है हेपेटाइटिस। भारत समेत दुनिया भर के लोगों को दिनों-दिन यह बीमारी अपनी गिरफ्त में ले रही है। हालांकि आधुनिक मेडिकल साइंस में इसका ट्रीटमेंट पॉसिबल है। लेकिन आपको इसके कारणों, लक्षणों के साथ प्रिवेंशन के तरीकों के बारे में भी जरूर जानना चाहिए।

# लिवर का खतरनाक रोग हेपेटाइटिस पॉसिबल है ट्रीटमेंट-प्रिवेंशन है जरूरी








विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी ग्लोबल हेपेटाइटिस रिपोर्ट 2024 के आंकड़ों के अनुसार, हेपेटाइटिस बी और सी के सर्वाधिक मामले चीन के बाद भारत में सामने आते हैं। भारत सरकार हेपेटाइटिस को लेकर गंभीर है, क्योंकि वह 28 जुलाई 2018 से राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम शुरू कर चुकी है। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य सन 2030 तक देश में वायरल हेपेटाइटिस को नियंत्रित कर इसका उन्मूलन करना है और इसके साथ ही हेपेटाइटिस के अन्य प्रकारों की रोकथाम करना भी है।

### हेपेटाइटिस के प्रकार

ऐसी सूजन, जो लिवर में संक्रमण के कारण होती है, उसे हेपेटाइटिस कहते हैं। हेपेटाइटिस वायरस के पांच प्रकार हैं- हेपेटाइटिस ए, बी, सी, डी और हेपेटाइटिस ई।

**हेपेटाइटिस ए:** इसका वायरस लिवर को दूषित पेयजल और अस्वच्छ खाद्य पदार्थों के जरिए संक्रमित करता है।

**हेपेटाइटिस बी और सी:** ये दोनों वायरस लिवर को गंभीर रूप से क्षति पहुंचाते हैं। हेपेटाइटिस बी और सी वायरस गलत तरीके से रक्त चढ़वाने, संक्रमित व्यक्ति द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुओं जैसे टूथब्रश और रेजर आदि के इस्तेमाल से अन्य स्वस्थ लोगों को भी संक्रमित कर सकता है। वहीं जो लोग नशे का इंजेक्शन लेते हैं या फिर असुरक्षित यौन संबंध स्थापित करते हैं, उनमें हेपेटाइटिस बी और सी होने का खतरा कहीं ज्यादा होता है।

**हेपेटाइटिस डी:** हेपेटाइटिस के इस प्रकार में लिवर में सूजन लंबे समय तक रहती है। ऐसी स्थिति में लापरवाही बरतने पर लिवर फेल्योर की समस्या उत्पन्न हो सकती है। आमतौर पर अगर कोई व्यक्ति हेपेटाइटिस बी और सी से ग्रस्त है, तो उसे हेपेटाइटिस डी होने का खतरा ज्यादा होता है।

**हेपेटाइटिस ई:** हेपेटाइटिस के इस प्रकार का वायरस भी दूषित और अस्वच्छ खाद्य-पेय पदार्थों के जरिए लिवर को संक्रमित करता है।

### प्रमुख लक्षण

हेपेटाइटिस का कोई भी प्रकार हो, लेकिन इन सभी के आमतौर पर लक्षण लगभग एक जैसे होते हैं। जैसे-भूख कम लगना। पेट में गैस बनना या दर्द होना। अकसर दस्त होना। जी मिचलाना और उल्टी होना। पीलिया होना। त्वचा, नाखूनों और आंखों में पीलापन। बुखार आना। वजन का धीरे-धीरे कम होना। शारीरिक श्रम के बगैर थकान महसूस करना। यूरिन का रंग गहरा पीला होना।

### इन बातों का रखें ध्यान

- बरसात के मौसम में वातावरण में नमी और गंदगी के ज्यादा बढ़ने से हेपेटाइटिस के वायरस तेजी से पनपते हैं। इसलिए बरसात में खान-पान की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए।
- रक्त चढ़ाने की प्रक्रिया स्वच्छ और जीवाणु रहित होनी चाहिए।
- फलों और सब्जियों के जरिए भी हेपेटाइटिस ई के वायरस शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। इसलिए आप जो भी फल और सब्जियां बाजार से लाएं, उन्हें अच्छी तरह से धोकर और पकाकर खाएं।
- किसी भी वस्तु को खाने से पहले हाथों को हैंड सेनिटाइजर, हैंड वॉश या एंटीबैक्टीरियल साबुन से साफ करें।
- हेपेटाइटिस बी मां से बच्चे में फैल सकता है और इसे टीकाकरण से रोका जा सकता है।



- स्टेराइल सिरिंज का इस्तेमाल करें। किसी भी स्थिति में इंजेक्शन की नीडल का इस्तेमाल एक बार से ज्यादा नहीं होना चाहिए। इसके लिए स्टेराइल सिरिंज का इस्तेमाल करें और फिर इसे इस्तेमाल के बाद फेंक दें। यदि दो लोगों के बीच सिरिंज का पुनः उपयोग किया जाता है, तो हेपेटाइटिस और एचआईवी जैसे रोगों के संचरण का खतरा बढ़ जाता है।
- किसी दूसरे व्यक्ति का ब्लेड या रेजर भी रक्त को संक्रमित कर हेपेटाइटिस और एचआईवी आदि के खतरे को बढ़ा सकता है।
- टैटू गुदवाते समय सजगता बरतें। टैटू गुदवाने वाले उपकरण की सुई स्टेरलाइज होनी चाहिए।

### डायग्नोसिस के तरीके

- 'आईजीएम' एंटीबॉडी टेस्ट से हेपेटाइटिस ए और ई का पता चलता है।
- हेपेटाइटिस बी वायरस का पता करने के लिए 'डीएनए' लेवेल टेस्ट।
- हेपेटाइटिस सी के लिए 'आरएनए' टेस्ट और जीनोटाइपिंग टेस्ट कराए जाते हैं।
- लिवर फंक्शन टेस्ट, सीबीसी, किडनी फंक्शन टेस्ट भी कराते हैं।

### ट्रीटमेंट के तरीके

**हेपेटाइटिस ए का इलाज:** अधिकतर मामलों में शरीर स्वतः सेल्फ रिकवरी करता है, लेकिन मरीज को डॉक्टर के परामर्श पर अमल करना चाहिए।

**हेपेटाइटिस बी का इलाज:** इस वायरस का संक्रमण क्रॉनिक इंफेक्शन में भी तब्दील हो सकता है और कुछ मामलों में यह समस्या जीवनपर्यंत जारी रह सकती है। अगर हेपेटाइटिस बी का संक्रमण 6 महीने से ज्यादा चलता है तो इसे क्रॉनिक हेपेटाइटिस बी कहा जाता है। इस संक्रमण के इलाज में डॉक्टर के परामर्श से इंजेक्शन और टैबलेट्स दी जाती हैं। हेपेटाइटिस बी लिवर कैंसर या फिर लिवर सिरोसिस का कारण बन सकता है।

**हेपेटाइटिस सी का इलाज:** नई दवाओं के उपलब्ध हो जाने से हेपेटाइटिस सी का इलाज अब संभव है। इन दवाओं की सफलता दर बहुत अच्छी है और इनके साइड इफेक्ट भी नगण्य हैं।

**हेपेटाइटिस डी का इलाज:** देश में हेपेटाइटिस डी के मामले बहुत कम पाए जाते हैं। हेपेटाइटिस डी के इलाज के लिए दवाएं उपलब्ध हैं।

**हेपेटाइटिस ई का इलाज:** चिकित्सा विज्ञान में हुई प्रगति के कारण अब हेपेटाइटिस ई का इलाज संभव है, लेकिन हेपेटाइटिस ई में गर्भवती महिलाओं को जोखिम ज्यादा रहता है।

### खान-पान पर दें ध्यान

हेपेटाइटिस को नियंत्रित करने में खान-पान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। लिवर को सशक्त बनाए रखने में चुकंदर, हरी पत्तेदार सब्जियां, मूली और ब्रोकली आदि विशेष रूप से लाभप्रद हैं। इसके अलावा खट्टे फल जैसे संतरा, मौसंबी, नीबू और नारंगी आदि भी हितकर हैं। इसके अलावा अत्यधिक चिकनाई या वसायुक्त आहार लिवर की सेहत के लिए नुकसानदेह हैं, इनसे बचें। जंक फूड्स से परहेज करें। प्रोसेस्ड फूड्स भी हानिप्रद हैं। आहार में साबुत अनाज को शामिल करें। दलिया, खिचड़ी और ओट्स विशेष रूप से लाभप्रद हैं। शराब लिवर की सबसे बड़ी शत्रु है। इससे दूर रहें। नमक का कम सेवन लाभप्रद है। खाद्य पदार्थों पर अलग से नमक न छिड़कें। *

**प्रस्तुति: विवेक शुक्ला**

### हेपेटाइटिस से बचाव के उपाय




**हेपेटाइटिस ए और बी का टीका (वैक्सीन):** हेपेटाइटिस के इन दोनों प्रकारों का टीका उपलब्ध है, जिसके लगवाने से हेपेटाइटिस का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। इसके अलावा इन बातों पर भी दें ध्यान।

**स्वच्छ पेयजल:** फिल्टर, प्यूरीफायर या आर.ओ. का पानी ही पिएं। अगर यह सुविधा उपलब्ध नहीं है तो पानी को उबालकर और फिर इसे ठंडा कर पिएं, क्योंकि हेपेटाइटिस खासकर ए और ई के वायरस अशुद्ध पेयजल और दूषित खाद्य पदार्थों के जरिए शरीर में प्रवेश करते हैं।

**टेस्ट करवाएं:** हेपेटाइटिस का टेस्ट इस बीमारी की रोकथाम और प्रारंभिक स्तर पर इसके निदान (डायग्नोसिस) की सटीक विधि है। जब भी आप हेपेटाइटिस के कुछ लक्षण महसूस करें तो डॉक्टर से परामर्श लेकर परीक्षण करवाएं। ऐसा करने से किसी भी गंभीर बीमारी के जानलेवा होने का खतरा टल सकता है।

## मेंटल हेल्थ

प्रो. (डॉ.) कोमल चावला
साइकोलॉजी-ब्रिटिश यूनिवर्सिटी, बहरीन

पिछले दिनों हुए एयर इंडिया प्लेन क्रैश के बाद से बहुत सारे लोग हवाई यात्रा से डरने लगे हैं। ऐसा एंग्जाइटी की वजह से होता है। इस मेंटल कंडीशन से उबरने के लिए आपको कुछ उपाय आजमाने चाहिए।

# एयरोप्लेन एंग्जाइटी उबरने के लिए आजमाएं ये कारगर उपाय

हाल में ही हुए अहमदाबाद एयरोप्लेन क्रैश के बाद से फ्लाइट में निश्चिंत होकर सफर करने वाले कई लोगों के मन में डर, चिंता और घबराहट होने लगी है। ऐसा एयरोप्लेन एंग्जाइटी की वजह से हो रहा है।

**एंग्जाइटी का कारण-प्रभाव:** असल में एंग्जाइटी एक सेकेंडरी इमोशनल रिएक्शन होता है। जब कभी हमें किसी चीज का डर होता है, तो उसकी वजह से हम तनावग्रस्त हो जाते हैं, उसके बारे में सोचना शुरू करते हैं और धीरे-धीरे पैनिक या घबरा जाते हैं। जहां तक एयरोप्लेन एंग्जाइटी का सवाल है- यह एयरोप्लेन से जुड़ी घबराहट, कमजोरी या बेवजह डर नहीं, बल्कि व्यक्ति के दिमाग का नए और अनजान माहौल में प्रतिक्रिया करने का तरीका है। एयरोप्लेन क्रैश की भयावह दुर्घटना और मीडिया के ओवर-एक्सपोजर की वजह से व्यक्ति का ब्रेन एयर ट्रैवल को खतरे के रूप में देखने लगता है और शरीर फाइटर फ्लाइट मोड में चला जाता है। बॉडी में कार्टिसोल और एड्रेनलिन हार्मोन रिलीज होने लगते हैं, जिससे व्यक्ति इंटरनल पैनिक या एंग्जाइटी महसूस करने लगता है। इसका व्यक्ति के दिलोदिमाग पर गहरा असर पड़ता है। वह गहरे दुख, विषाद और असुरक्षा की भावना का शिकार हो जाता है। उसे मेंटल-इमोशनल फॉलआउट का सामना करना पड़ता है। भले ही वह पर्सनल लेवल पर उस दुर्घटना का हिस्सा न रहा हो, लेकिन नित्य प्रति होने वाले मीडिया एक्सपोजर के चलते उस घटना से भावनात्मक रूप से जुड़ा होता है। कुछ लोगों में निराशा इतनी बढ़ जाती है कि वो एयरोप्लेन में ट्रैवल करने से डरने लगते हैं।



**क्या होते हैं लक्षण:** एयरोप्लेन एंग्जाइटी होने पर ट्रैवल कर रहे लोगों में कई तरह की व्यावहारिक असमानताएं दिखाई देने लगती हैं। जैसे- फ्लाइट के बारे में सोच कर हार्टबीट तेज होना, सांस फूलना या सांस लेने में तकलीफ होना, घबराहट होना, पसीना आना, यूरिन पास करने की फीलिंग बार-बार होना, नींद न आना। पैनिक की स्थिति में ब्रेन फॉग होना शुरू हो जाता है, व्यक्ति कोई निर्णय नहीं ले पाता।

**क्या हैं कारण:** एयरोप्लेन एंग्जाइटी बढ़ने के कई कारण हो सकते हैं-

- एयरोप्लेन क्रैश या एयरोप्लेन की इमरजेंसी लैंडिंग की होने वाली घटनाएं सबसे बड़ा कारण हैं। इनसे जुड़ी खबरें देख-सुनकर या फिर दूसरों से बात करने पर व्यक्ति के ब्रेन में फीयर इमोशन एक्टिवेट हो जाता है और वह एंग्जाइटी का शिकार हो जाता है।
- दूसरे लोगों के एयर ट्रैवल के अनुभव सुनकर या न्यूज में देखी-सुनी एयरोप्लेन क्रैश दुर्घटनाओं की दुविधा बनी रहती है।

**कैसे करें हैंडल:** पॉजीटिव सोच रखकर और सचेत रहकर व्यक्ति अपनी एयर ट्रैवल एंग्जाइटी पर काबू पा सकता है।

- सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि ट्रैवल करने के लिए हवाई-यात्रा सबसे सुरक्षित और सुविधाजनक माध्यम है। एयरोप्लेन क्रैश दुर्घटनाओं की संभावना काफी कम होती है।
- जरूरी है कि अपने को समझाएं कि यह कोई वास्तविक डर नहीं एंग्जाइटी है।
- मीडिया के ओवर-एक्सपोजर से बचें।
- भगवान पर भरोसा रखें। पैनिक स्थिति में अपनी धार्मिक आस्था के मुताबिक मन ही मन भगवान को याद करें।
- ट्रैवलिंग में टाइम पास करने या रिलैक्स होने के लिए अपनी पसंदीदा किताब या मैगजीन लेकर जाएं। बोरियत से बचने के लिए सीट पर लगी स्क्रीन या फोन पर अपने पसंदीदा प्रोग्राम देखें, डिजिटल गेम्स खेलें, म्यूजिक सुनें। *

**प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**

# डायबिटीज से भी हो सकती है इनफर्टिलिटी

## अवेयरनेस




अब से कुछ दशक पहले तक डायबिटीज और बांझपन की समस्या ज्यादातर उम्र बढ़ने के बाद नजर आती थी। लेकिन अब 25-30 साल के युवाओं में भी ये प्रॉब्लम्स तेजी से बढ़ रही हैं। डायबिटीज, शरीर में हार्मोनल और मेटाबॉलिज्म सिस्टम को प्रभावित कर देती है, जिससे रिप्रोडक्शन में परेशानी होती है। यहां तक कि प्री-डायबिटीज या इंसुलिन रेजिस्टेंस भी यंगस्टर्स में रिप्रोडक्टिव हार्मोन और महिलाओं के पीरियड्स को प्रभावित कर सकता है। इस वजह से गर्भधारण करने में दिक्कत आती है।

**डायबिटीज और इसका प्रभाव:** दिल्ली एनसीआर स्थित मदरहुड हॉस्पिटल में फर्टिलिटी-आइवीएफ स्पेशलिस्ट डॉ. **वर्षा अग्रवाल** के अनुसार, 'डायबिटीज पुरुषों और महिलाओं दोनों की प्रजनन क्षमता को प्रभावित करता है। डायबिटीज से पुरुषों में स्पर्म काउंट कम होना, स्पर्म की क्वालिटी खराब होना और इरेक्शन की समस्या हो सकती है। महिलाओं में ओव्यूलेशन में दिक्कत, पीसीओएस का खतरा और अंडे की क्वालिटी में कमी आ सकती है। डायबिटीज कंट्रोल न हो तो गर्भपात और प्रीमैच्योर डिलीवरी का खतरा बढ़ जाता है।'

नई दिल्ली स्थित नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी में फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट **डॉ. संदीप तलवार** बताते हैं, 'हम अकसर देखते हैं कि 20 से 30 की उम्र के बीच कई युवा डायबिटीज से अनजान होते हैं और हार्मोनल असंतुलन और इनफर्टिलिटी की समस्याओं से ग्रस्त होते हैं। गलत खान-पान, नींद की कमी और तनाव से डायबिटीज और हार्मोनल समस्याएं बढ़ती हैं।' इस समस्या को कंट्रोल करने के बारे में **डॉ. वर्षा अग्रवाल** बताती हैं, 'सही खान-पान (जैसे हरी सब्जियां, दालें, मछली आदि), नियमित व्यायाम और ब्लड शुगर कंट्रोल से डायबिटीज और बांझपन को काफी हद तक कंट्रोल किया जा सकता है।' *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

# सुबह उठते ही दिखें ये लक्षण तो ये थायराइड के हो सकते हैं संकेत

**आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में थायराइड की समस्या आम हो गई है। थायराइड किसी को भी अपनी चपेट में ले सकता है। सबसे पहले यह जानना जरूरी है कि थायराइड क्या होता है। बता दें कि यह एक तितली के आकार की ग्रंथि होती है, जोकि हमारे गले के सामने वाले हिस्से में मौजूद होती है। यह ग्रंथि टी-3 और टी-4 नामक हार्मोन से बनती है। जोकि शरीर के कई कामों के लिए काफी जरूरी होता है। यह वजन, एनर्जी, मेटाबॉलिज्म, मूड, स्किन और बालों की सेहत के लिए भी जरूरी होती है।**

## दो तरह का होता है थायराइड

बता दें कि थायराइड दो तरह का होता है, जिसमें एक हार्मोन कम होने लगता है और दूसरा जिसमें हार्मोन जरूरत से ज्यादा बनने लगता है। ज्यादातर लोगों को कम हार्मोन बनने वाली शिकायत होती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे लक्षण के बारे में बताने जा रहे हैं, जो सुबह सोकर उठने पर दिखाई देते हैं।

### सुबह आंख खुलते ही दिखते हैं लक्षण

रात भर सोने के बाद जब सुबह उठते हैं, तो आपको थकान महसूस होती है। तो आपको समझ जाना चाहिए कि आपको थायराइड घेर रहा है। शरीर के मेटाबॉलिज्म बनाने के प्रोसेस को थायराइड ग्रंथि को कंट्रोल करती है। जब यह ग्रंथि ठीक से काम नहीं करती है, तो शरीर में कुछ बदलाव आने लगता है। इसकी कमी से सुस्ती महसूस होती है।

### हार्मोन की कमी में बॉडी में होता है फ्लुएड रिटेंशन

जब शरीर में इस हार्मोन की कमी होती है, तो बॉडी में फ्लुएड रिटेंशन होने लगता है। जिस कारण सुबह सोकर उठने के दौरान आपका चेहरा सूजा हुआ लगता है और आंखें भरी लगती हैं। अगर आप खुद में यह बदलाव देख रही हैं, तो आपको फौरन डॉक्टर से मिलना चाहिए।

थायराइड हार्मोन की कमी शरीर के हर सेल को प्रभावित करने का काम करती है। फिर चाहे वह जोड़ हो, मांसपेशियां हो या फिर तंत्रिका तंत्र हो। थायराइड हार्मोन



की कमी होने से मांसपेशियों में ऊर्जा की सप्लाई घट जाती है। इससे मांसपेशियों में दर्द और अकड़न महसूस होती है और कई बार उंगलियों में दर्द या अकड़न भी हो सकती है। अगर सुबह सोकर उठते ही आपको लगता है कि दिल की धड़कन काफी तेज है, यह थायराइड हार्मोन के लेवल का बहुत ज्यादा होने का संकेत हो सकता है। इसे पैल्पिटेशन कहा जाता है। ऐसा हाइपरथायरायडिज्म में होता है।

### कुछ घरेलू उपाय

**लौकी:** थायराइड की बीमारी से निजात पाने के लिए रोज सुबह खाली पेट लोकी का जूस पिएं। इससे बीमारी से राहत मिलती है और बीमारी शांत होती है।

**हरा धनिया:** हरे धनिया के प्रयोग से थायराइड की बीमारी को ठीक किया जा सकता है। सबसे पहले इसे बारीक पीस लें और फीर रोजाना एक ग्लास पानी में घोल कर इसे पिएं। इससे थायराइड़ की बीमारी धीरे-धीरे कन्ट्रोल होने लगता है।

**आयोडीन:** थायराइड से ग्रस्त मरीजों को आयोडीन युक्त आहार का सेवन ज्यादा मात्रा में करना चाहिए। इसका अच्छा स्रोत प्याज, लहसुन और टमाटर जैसी चीजें हैं।

**नारियल पानी:** यह भी थायराइड को नियंत्रित करने में बहुत सहायक होता है। यदि हर दिन संभव नहीं है तो कम से कम ऐसे मरीज को हर दूसरे दिन इसका सेवन करना चाहिए।

**हल्दी:** हल्दी में करक्यूमिन नामक तत्व पाए जाते हैं, जो थायराइड को कंट्रोल करने में मददगार साबित होते हैं। इसलिए हमेशा रात को सोने से पहले हल्दी वाला दूध पीना थायराइड मरीजों के लिए अच्छा होता है।

## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी वर्कर्स पर दर्ज केस होंगे रद!

**नारनौल।** आंदोलन के दौरान आंगनबाड़ी वर्कर्स व सहायकों पर मुकदमें दर्ज हुए थे। इन मुकदमों को रद करने का प्रस्ताव महिला एवं



बाल विकास विभाग ने मुख्यमंत्री नायब सैनी के समक्ष रखा था। इसका हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने तहेदिल से आभार जताते हुए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया है। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बुधवार मंत्री श्रुति चौधरी ने बताया कि वर्ष 2021-22 में आंगनबाड़ी वर्कर्स और आंगनबाड़ी सहायकों ने आंदोलन किया था।

### राजकीय महाविद्यालय में यूजी प्रथम वर्ष में लें प्रवेश

**महेंद्रगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में स्नातक यूजी प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए पंजीकृत विद्यार्थियों को शिक्षा विभाग द्वारा एक अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिन विद्यार्थियों ने पहले ही ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश के लिए पंजीकरण कर लिया है, लेकिन अब तक किसी कॉलेज में प्रवेश नहीं ले पाए हैं, वे 24 जुलाई को प्रातः नौ बजे से दोपहर दो बजे तक महाविद्यालय परिसर में आयोजित फिजिकल काउंसलिंग में भाग लेकर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। प्राचार्य डॉ. पूर्ण प्रभा ने बताया कि विद्यार्थियों को मेरिट के आधार पर उसी दिन प्रवेश दिया जाएगा, अतः सभी इच्छुक विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने सभी आवश्यक मूल दस्तावेज जैसे ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रति, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, जाति एवं आय प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), पासपोर्ट साइज फोटो आदि के साथ समय पर महाविद्यालय में उपस्थित हों।

### ताजपुर स्कूल में हुई युवा संसद प्रतियोगिता

**नारनौल।** अटेली क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ताजपुर में युवा संसद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए संसदीय प्रक्रिया का जीवंत प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में डाइट महेंद्रगढ़ से अंग्रेजी प्रवक्ता प्रदीप कुमार डायट महेन्द्रगढ़, राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अटेली से राजनीति शास्त्र प्रवक्ता योगेन्द्र कुमार और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तिगरा से राजनीति शास्त्र प्रवक्ता अशोक कुमार उपस्थित रहे।

### जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया शिवरात्रि पर्व, भक्तों ने किया शिवलिंग पर जलाभिषेक

# हर तरफ गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे, मंदिरों में चढ़ाई गई कांवड़

**शिवरात्रि पर्व पर सुबह से ही मंदिरों व शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगने लग गई थी। सुबह से लेकर दोपहर तक श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल





कनीना। बाघेश्वर धाम बागोत में प्राकृतिक स्वयंभू शिवलिंग पर जलाभिषेक करने वाले कतार में खड़े शिवभक्त तथा स्नानघाट का अवलोकन करती एसपी पूजा वशिष्ठ व डीएसपी दिनेश कुमार। फोटो : हरिभूमि

आस्था, भक्ति व एकता का संदेश देने वाला शिवरात्रि पर्व बुधवार को जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया। बता दें कि यह पर्व हमें भगवान शिव की महिमा को याद दिलाता है और हमें उनके प्रति अपनी भक्ति व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। जिलेभर में शिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया व कांवड़ भी चढ़ाई गई। हर तरफ हर हर महदेव के जयकारे गूंजते रहे। शिवरात्रि पर्व पर सुबह से ही मंदिरों व शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगने लग गई थी। सुबह से लेकर दोपहर तक श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। वहीं कांवड़ियों ने गंगाजल लाकर शिवालयों में जल चढ़ाया। इस दौरान हर हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे।

बता दें कि जलाभिषेक भगवान शिव की पूजा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह पूजा श्रद्धालुओं को आस्था व भक्ति का संदेश देती है। जलाभिषेक के दौरान श्रद्धालु भगवान शिव की महिमा को याद करते हैं और उनकी आराधना करते हैं। शिवलिंग पर जलाभिषेक करना एक महत्वपूर्ण परंपरा है। श्रद्धालु शिवलिंग पर जल चढ़ाते हैं और भगवान शिव की आराधना करते हैं। यह पूजा भगवान शिव को समर्पित है और श्रद्धालुओं को आस्था व भक्ति का संदेश देती है।

उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला क्षेत्र में बेरिकेटिंग की गई। वहीं यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए सात नाके लगाकर पुलिस कर्मचारियों की तैनाती की गई। पुलिस ने जलाशय के स्नानघाट पर नियंत्रण बनाए रखा। स्नान करने वालों को गहरे पानी में नहीं जाने यिा गया। मंदिर के महंत रोशनपुरी ने बताया कि विशाल कांवड़ मेले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हजारों की संख्या में कांवड़ चढ़ाई गई। सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर में पहुंचने लगे थे। डाक कांवड़ का जोर रहने से शिवभक्त कतारबद्ध रहे। मेले में ड्यूटी मैजिस्टेट तहसीलदार पायल यादव ने भी आपातकालीन सेवाओं को तत्पर रखा। एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मेला क्षेत्र को चार सेक्टरों में विभाजित किया गया था। दूसरी ओर बुधवार को गांव गुढ़ा के शिववालय के अलावा शिवमंदिर उन्हाणी, कनीना, धनौंदा, भोजावास सहित अन्य मंदिरों में शिवभक्तों की भीड़ रही।

### 208 पुलिस कर्मचारियों की रही मुस्तैदी

**कनीना।** गांव बागोत स्थित बाघेश्वर धाम में बुधवार को सावन माह की त्रयोदशी के अवसर पर आयोजित विशाल कांवड़ मेले की सुरक्षा व्यवस्था एसपी पूजा वशिष्ठ ने स्वयं अपने हाथों में लेकर पूरे मेला क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण किया। जिसके चलते श्रद्धालु कतारबद्ध होकर शिवलिंग पर जलाभिषेक करते रहे। वहीं मेले में किसी प्रकार की घटना दुर्घटना भी घटित नहीं हो सकी। एसपी पूजा वशिष्ठ ने बताया कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीएसपी दिनेश कुमार कनीना, डीएसपी सुरेश कुमार, थाना सदर इंचार्ज सज्जन वशिष्ठ, अनिल कमांडो सहित 208 पुलिस कर्मचारी दिनरात मुस्तैद रहे। उन्होंने कहा कि मेले में आपराधिक गतिविधियों व चेन स्नेचिंग आदि की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए 40 सीसीटीवी कैमरों सहित पुलिसकर्मियों ने असामाजिक तत्वों पर नजर बनाए रखी।



महेंद्रगढ़। मोदाश्रम मंदिर में जलाभिषेक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### शिवरात्रि पर मंदिरों में लगी श्रद्धालुओं की भीड़

**महेंद्रगढ़।** क्षेत्र में बुधवार को सावन माह की शिवरात्रि पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना हुई। भक्तों ने भगवान चंद्रमोली पर जलाभिषेक कर भगवान शंकर की अराधना की। दिनभर मंदिरों में हर-हर महादेव के नारे गूजंते रहें। शहर के अधिकतर मंदिरों में भक्तों की कतार भी देखने को मिली। इसके अलावा हरिद्वार से कांवड़ लेकर आए कांवड़ियों ने रात 12 बजकर एक मिनट पर मंदिर में कांवड़ चढ़ाना शुरू कर दिया। इसके अतिरिक्त हरिद्वार और गंगोत्री से लाई गई डाक कांवड़ के गंगा जल से शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया। डाक कांवड़ियों ने बम-बम भोले के जयकारों के साथ भक्त गंगा जल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इसके अलावा रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाएं सामूहिक रूप से भगवान भोलेनाथ के भजन गाते हुए मंदिरों में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक किया गया। शहर के मोदाश्रम मंदिर, मोहल्ला कयामपुरा स्थित विकटेश्वर मंदिर, ब्रह्मचारी आश्रम स्थित शिव मंदिर, अनाज मंडी स्थित मंदिर, मोहल्ला वाल्मीकि के मंदिर, मोहल्ला सैनीपुरा स्थित शिव मंदिर में अतिरिक्त अन्य मदिरों में शिव भक्तों ने भगवान चंद्रमोली पर जलाभिषेक किया। मंदिरों में सुबह व शाम हुई विशेष आरती में भक्तों ने हिस्सा लेकर अपनी आस्था जताई। भक्तों ने शिवरात्रि पर्व पर बाबा भोलेनाथ को बिल्व पत्र, फूल, पत्तियां, धतूरा, भांग सहित अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर पूजा-अर्चना की। साथ ही भक्तों ने भगवान का दुग्धाभिषेक, श्रृंगार, भजन-कीर्तन कर परिवार के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान शिवालयों को विद्युत रोशनी से आकर्षक सजाया गया।

# यदुवंशी स्कूल में श्रावण शिवरात्रि पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़




महेंद्रगढ़। बनाए हुए पोस्टर दिखाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

यदुवंशी स्कूल में श्रावण शिवरात्रि पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शुभ दिन पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने भक्ति, आस्था और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से भगवान शिव को नमन किया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय प्रांगण में भगवान शिव की प्रतिभा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और मंत्रोच्चारण से की गई। विद्यार्थियों ने भजन गायन, शिव तांडव, स्तोत्र प्रस्तुति, डांस, ड्रामा आदि प्रस्तुत किया। कक्षा नर्सरी से पांचवीं तक के छात्रों के लिए शिव भक्ति कविता, कहानी प्रतियोगिता, वहीं कक्षा छठी से आठवीं तक के लिए शिव चित्र रंगोली, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राचार्य पवन कुमार ने कहा कि शिवरात्रि केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और आत्मशुद्धि का अवसर है।

भगवान शिव का जीवन हमें संयम, तपस्या और सकारात्मकता का मार्ग दिखाता है। हमें अपने जीवन में भी उन्हीं गुणों को अपनाकर आगे बढ़ना चाहिए। चेयरमैन व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि भगवान शिव ज्ञान, शक्ति और करूणा के प्रतीक हैं। शिवरात्रि जैसे पर्व विद्यार्थियों को हमारी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ते हैं। मौके पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्णसिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर डॉ. राजेन्द्र सिंह ने सभी विद्यार्थियों को शिवरात्रि की बधाई दी।

# चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर विद्यालय में अर्पित किए श्रद्धासुमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्पार्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

अटेली रोड राव जयराम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद की जयंती बड़े ही श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के सदस्यों ने इस अमर बलिदानी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार व सीईओ राजेश यादव ने चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पण के साथ की। उनके साथ विद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए, जिससे वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो गया। प्राचार्य ने बताया कि कार्यक्रम में चंद्रशेखर आजाद के जीवन, उनके संघर्षों, और देश के लिए उनके अद्भुत बलिदान को स्मरण किया गया।

इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके महान जीवन से प्रेरणा देना और उनमें राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना जागृत करना था। चंद्रशेखर आजाद का जीवन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक अमिट अध्याय है। वे बचपन से ही साहसी, निडर और देश के प्रति समर्पित थे।

विद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने भी चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद की जयंती केवल एक स्मृति नहीं है, बल्कि उनके विचारों, उनके संघर्ष और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का एक अवसर है। सीईओ राजेश यादव ने कहा कि देश की आजादी का मार्ग बहुत कठिन और त्यागमय था, जिसे चंद्रशेखर आजाद जैसे युवाओं ने अपना जीवन अर्पित करके आसान बनाया।




### हरियाणा स्कूल में मनाई बाल गंगाधर तिलक व चंद्रशेखर आजाद की जयंती

**नारनौल।** मोहल्ला चौधरीयान स्थित हरियाणा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक व चंद्रशेखर आजाद कि जयंती मनाई गई। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देश भक्ति व राष्ट्र सेवा की भावना जाग्रत करना था। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय चेयरमैन हितेन्द्र शर्मा, निदेशिका संगीता शर्मा व प्रधानाचार्य अवनीश कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। इस अवसर पर विद्यालय चेयरमैन हितेन्द्र शर्मा ने कहा कि बाल गंगाधर तिलक ने स्वराज मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर ही रहूंगा का क्रांतिकारी नारा देकर देशवाशियों के दिलों में आजादी का गहरा भाव पैदा किया। वहीं चन्द्रशेखर आजाद ने देश कि आजादी को अपना मिशन बना लिया और अन्तिम सांस तक ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ आंदोलन करते रहें। उन दोनों सपूतों को भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि जीवन में ईमानदारी, अनुशासन और देशप्रेम को अपनाना जरूरी है। इस मौके पर रामनिवास डीपीई, अशोक यादव, संजय कुमार, मुकेश, नरेश कुमार, दीपक कुमार, अल्पना शर्मा, वंदना सैनी, लक्ष्मी चौहान आदि मौजूद थे।

# हैप्पी स्कूल में मनाया आम दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़




महेंद्रगढ़। आम दिवस मनाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हैप्पी एवरग्रीन सीनियर स्कूल में प्री-प्राइमरी वर्ग के बच्चों ने आम दिवस मनाया। यह आयोजन बच्चों के लिए न केवल मनोरंजन का माध्यम रहा, बल्कि उन्हें फलों के राजा आम के बारे में जानने और उसका स्वाद लेने का भी अद्भुत अवसर मिला। कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों को आम से जुड़ी रोचक जानकारियां देने के साथ हुई। शिक्षकों ने आम की विभिन्न किस्मों, रंगों और स्वादों के बारे में सरल और रोचक तरीके से बताया। इसके पश्चात बच्चों ने आम से बने विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजन जैसे आम का पन्ना, आमरस, मैंगो शेक और कटे हुए रसीले आम का आनंद लिया। बच्चों ने आम की थीम पर आधारित पोशाक पहनकर रैंप वॉक किया। इसके अतिरिक्त आम पर आधारित चित्रकारी और गीत प्रस्तुतियों ने माहौल को और भी रंगीन बना दिया।

प्रबंधक निदेशक मनीष अग्रवाल, मैनेजर चंचल अग्रवाल व प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल ने बताया कि इस तरह के आयोजन बच्चों की स्वादेन्द्रियों को विकसित करने के साथ उन्हें भारतीय फलों के महत्व को समझाने में सहायक होते हैं। संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल, उपसंचालिका कौशल अग्रवाल ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में प्राकृतिक और मौसमी फलों के प्रति रुचि बढ़ाना था, जिसमें स्कूल पूरी तरह सफल रहा।

### मंदिरों में धूमधाम से मनाया शिवरात्रि का पर्व

**मंडी अटेली।** पिछले दो सप्ताह से चली आ रही कांवड़ यात्रा बुधवार शिवरात्रि पर जलाभिषेक के साथ संपन्न हो गई। अटेली क्षेत्र में ही नहीं बल्कि प्रदेश में हर हर महादेव के जयकारे गूंजने लगे व श्रद्धालु शिवालयों में जाकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते नजर आए। वहीं हरिद्वार से कांवड़ लेकर आए शिवभक्त कांवड़ियों ने भी अपने आराध्य का जलाभिषेक कर कांवड़ यात्रा को सम्पन्न किया। वहीं मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए भक्तों की लंबी कतार भी देखी गई। दिनेश जैलदार ने बताया कि सावन माह की शिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना का विशेष फल मिलता है। शिवभक्त हरिद्वार से गंगाजल लाकर अपने आराध्य का शिवरात्रि के दिन जलाभिषेक कर मन्नतें मांगते हैं।




नारनौल। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### हेरिटेज स्कूल में शिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया

**नारनौल।** उपमंडल कनीना में स्थित हेरिटेज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोहनपुर में शिवरात्रि के पावन पर्व को विद्यालय प्रांगण में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम विद्यालय के अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने पूजा अर्चना करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कक्षा चौथी के विद्यार्थियों ने घड़ी घड़ी भांग ना घोटाओ भोला जी गाने पर एक सुंदर मनमोहक नृत्य पेश किया। अविका ग्रुप ने हरिद्वार में बाजी पायल चांदी की गाने पर अपने सुंदर नृत्य से तालियां बटोरी, कक्षा नौवीं की छात्राएं गोरा का बीपी हाई गाने पर बहुत ही सुंदर व मनमोहक नृत्य पेश किया। इसके उपरांत बच्चों ने भोले के लावेगा गाने पर अपना नृत्य पेश किया। कक्षा आठवीं की छात्राओं ने मेरा जी लगे से बाबा में गाने पर एक सुंदर मनमोहन परफॉर्मेंस देखकर सभी के हाथों से तालियां बटोरी। कक्षा दूसरी की छात्रा पायल भोले की गाने पर अपने नृत्य पेश किया। सोनाक्षी ग्रुप ने नॉनस्टॉप शिवरात्रि मैशअप सोंग पर अपनी परफॉर्मेंस दिखाई। विद्यालय के अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने बच्चों को आशीर्वाद दिया व शिवरात्रि के इस पावन पर शिवभोले से प्रार्थना की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सीईओ कैलाश शर्मा, मनीष कुमार, डायरेक्टर खुशीराम शर्मा, प्रधानाचार्य कृष्ण सिंह, सीनियर कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र कुमार, जूनियर कोऑर्डिनेटर सुमन आदि मौजूद थे।

### उनिंदा हनुमान मंदिर में लगाया भंडारा

**मंडी अटेली।** गांव उनिंदा स्थित हनुमान मंदिर में शिवभोले का भंडारा किया गया। भंडारे से पूर्व मंदिर में पुजारी अजित शास्त्री ने हवन यज्ञ करवाया। भंडारे में बड़ी संख्या में गांव के लोगों के अलावा अटेली शहर व आसपास के ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. जितेंद्र पाल ने बताया कि मंदिर परिसर में कांवड़ियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। इस मौके पर सरपंच शिशपाल, मंदिर कमेटी के प्रधान दलीप सिंह, संजय ठेकेदार, तुलाराम यादव, राजेश कुमार, सुमित्रा देवी, जिलेसिंह थानेदार, पंच मुकेश कुमार, प्रभुदयाल, राजेंद्र पंच, राकेश दुधिया आदि मौजूद थे।

# जीएल पब्लिक स्कूल में मनाया शिवरात्रि पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना



महेंद्रगढ़। भगवान शिव की वेशभूषा में विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

जीएल पब्लिक स्कूल में श्रावण मास की शिवरात्रि का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः काल प्रार्थना सभा के दौरान कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर और पुष्प चढ़ाकर किया गया। प्राचार्य डॉ. आरके शर्मा ने शिवरात्रि पर्व पर अपने विचार बच्चों से सांझा किए। उन्होंने बताया कि किसी भी पर्व को मनाने के पीछे उसका कोई न कोई उद्देश्य जरूर होता है। हिंदू धर्म के अनुसार जब समुद्र मंथन के दौरान जो विष प्राप्त हुआ उसको शिवजी ने अपने गले में धारण कर लिया जिसके कारण शिव का गला नीला पड़ गया। शिव का यह रूप देखकर सभी देवी-देवताओं ने शिव पर जल का अभिषेक किया। जिसके कारण श्रावण मास के कृष्ण पक्ष में यह शिवरात्रि पर्व मनाया जाने लगा। स्कूल के अनेकों नन्नें-मुन्ने बच्चों ने शिव और पार्वती का रूप धारण कर सुंदर व मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की। बच्चों ने शिव व पार्वती का रूप धारण कर तांडव नृत्य किया। छोटे-छोटे बच्चों के इस कार्यक्रम को देखकर सभी स्टॉफ सदस्यों ने बच्चों की सराहना की। अंत में प्राचार्य ने सभी को शिवरात्रि पर्व की बधाई देते हुए बच्चों व अध्यापकों का धन्यवाद किया।




नारनौल। शिवरात्रि पर्व मनाते विद्यार्थी व स्कूल स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

### विद्या भारती स्कूल में मनाया शिवरात्रि पर्व

**नारनौल।** विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर में शिवरात्रि पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों ने कांवड़ उठाकर की। लिटिल कृष्णा हाउस की ओर से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आरव चौधरी छिलरो व झनीश मौखुता ने कांवड़ चढ़ाई। किड्स ब्लॉक इंचार्ज विजय सोनी ने बच्चों को प्रसाद वितरण किया। संस्था के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव व वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव ने बच्चों को कांवड़ चढ़वाकर भेंट दी व बम-बम भोले के जयकारे लगवाए। संस्था के प्रबंधक निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव व निदेशका डॉ. रविन्द्रा यादव ने बच्चों के साथ मिलकर भगवान शिव की आरती की। विद्यालय के प्राचार्य विनोद यादव ने बच्चों को भोलेनाथ बाबा के बारे में बताते हुए कहा कि सावन का महीना भगवान शंकर को बहुत प्रिय है। उन्होंने इस मास की विशेषता के बारे में बच्चों को समझाया।

## सूचना

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि खण्ड कनीना हेतु मनरेगा के तहत सोशल आडिट (कलैन्डर अनुसार) करवाने हेतू ब्लाक रिसोर्स पर्सन (BRP) शोसल ओडिट की नियुक्ति प्रति कार्य दिवस या कलैन्डर अनुसार राशि 750/- रू. के मानदेय के आधार पर की जानी है। प्रति वर्ष कार्य दिवसों की संख्या का निर्धारण जारी किये जाने वाले सोशल ओडिट कलैन्डर अनुसार होगा। अभ्यर्थी स्नातक, कम्प्यूटर / MIS का ज्ञान तथा अन्ड्रोयड मोबाईल प्रयोग करने में सक्षम हो। VRP (Village Resource Persone) का अनुभव रखने वाले अभ्यार्थी को वरीयता दी जायेगी। वस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रारूप एवं सर्ते अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पट्ट से प्राप्त करा जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन खण्ड कार्यालय में (मनरेगा शाखा) समस्त दस्तावेजों की स्वयं सत्यापित प्रति सहित दिनांक 25-07-2025 से 01-08-2025 तक (सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर) सायः 03:00 बजे तक जमा करवाना सुनिश्चित करें।

हस्ता/- खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, कनीना।

### चरखी दादरी व भिवानी से आएंगे तथा रेवाड़ी व चरखी दादरी जाएंगे परीक्षार्थी

# सीईटी परीक्षा: तैयारी पूरी, परीक्षार्थियों के लिए रूट चार्ट तैयार 'सीईटी ट्रैवल' ऐप पर करवाएं पंजीकरण

**26 व 27 को हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) में भाग लेने वाले परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए विशेष बस सेवाओं का संचालन करेगा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा राज्य परिवहन की ओर से आगामी 26 व 27 जुलाई को हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) में भाग लेने वाले महेंद्रगढ़ जिले के परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए विशेष बस सेवाओं का संचालन करेगा। हरियाणा राज्य परिवहन नारनौल डिपो के महाप्रबंधक मनोज कुमार शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षार्थियों को उनके गांव व शहर के निकट से परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए महेंद्रगढ़ जिले के विभिन्न स्थानों से दादरी और रेवाड़ी जिलों के लिए बसों का संचालन किया जाएगा। जिला प्रशासन व हरियाणा राज्य परिवहन परीक्षार्थियों से आग्रह किया है कि वे इन सुविधाओं का लाभ उठाएं और समय पर अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचें। सभी परीक्षार्थी 'सीईटी ट्रैवल' ऐप पर पंजीकरण करवाएं।यहां से दादरी और रेवाड़ी के लिए बस संचालन केंद्र : बस स्टैंड नारनौल, महेंद्रगढ़, नांगल चौधरी, अटेली, कनीना व सतनाली के अलावा भांखरी, निजामपुर, दौंगड़ा अहीर, दुलोठ अहीर, नांगल सिरोही, पाली, भोजावास (कनीना), सेहलंग व कांटी खेड़ी रहेंगे।


महेंद्रगढ़। परीक्षा केंद्र का दौरा करते डीसी। फोटो : हरिभूमि

## उपायुक्त ने किया केंद्रों का निरीक्षण

**महेंद्रगढ़।** उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने 26 व 27 जुलाई को होने वाली सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) की तैयारीयों को लेकर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों तथा पार्किंग का निरीक्षण किया। महेंद्रगढ़ में परीक्षा देने आने वाले परीक्षार्थियों के लिए लघु सचिवालय महेंद्रगढ़ के पास स्थित बदरवाल सिटी से सभी परीक्षा केंद्रों के लिए बसे रवाना होंगी। यहां हेल्प डेस्क भी लगाया जाएगा। डीसी ने बताया कि जिला में सीईटी के दौरान राज्य सरकार के निर्देश अनुसार परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। इसी बात के मध्य नजर आज उन्होंने खुद केंद्रीय विश्वविद्यालय सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया है ताकि कोई भी कमी ना रहे। उपायुक्त ने कहा कि दूसरे जिलों से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए परिवहन, स्वास्थ्य तथा सुरक्षा सहित तमाम सुविधाएं सुनिश्चित करेगा। इसके लिए अलग-अलग स्तर पर अधिकारियों की ड्यूटी तय कर दी गई है। डीसी ने बदेरवाल सिटी में बनने वाले अस्थाई बस स्टैंड का भी निरीक्षण किया। सीईटी के लिए कंट्रोल रूम में डीएसडब्ल्यूओ अमित शर्मा इंचार्ज होंगे। सीईटी परीक्षार्थियों के दौरान जिला प्रशासन की ओर से लघु सचिवालय में कमरा नंबर-118 में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इस मौके पर एसडीएम अनिल यादव, जीएम रोडवेज मनोज कुमार भी मौजूद थे।

### बस संचालन का समय

**प्रथम शिफ्ट:** बसों का संचालन सुबह 04:30 बजे शुरू होगा।
**दूसरी शिफ्ट:** बसों का संचालन सुबह 09:00 बजे शुरू होगा।

### परीक्षा केंद्रों तक अंतिम मील कनेक्टिविटी

- दादरी जाने वाले परीक्षार्थी : महेंद्रगढ़ से दादरी जाने वाले परीक्षार्थियों को चरखी दादरी में नई अनाज मंडी कनीना रोड पर बने अस्थायी बस स्टैंड तक पहुंचाया जाएगा। यहां से शटल बस सेवा के माध्यम से उन्हें परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा।
- रेवाड़ी जाने वाले परीक्षार्थी: रेवाड़ी जाने वाले परीक्षार्थियों को पीठवाना सब्जी मंडी में बने अस्थायी बस स्टैंड तक पहुंचाया जाएगा, जहां से शटल बस सेवा द्वारा उन्हें परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा।
- महेंद्रगढ़ आने वाले परीक्षार्थी (चरखी दादरी व भिवानी से) : चरखी दादरी और भिवानी से महेंद्रगढ़ जिला में आने वाले परीक्षार्थियों को महेंद्रगढ़ बदेरवाल सिटी और नई अनाज मंडी नारनौल पर बने अस्थायी बस स्टैंडों पर पहुंचाया जाएगा। इन स्थानों से शटल बस सेवा के माध्यम से उन्हें परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा।

### परीक्षार्थियों के लिए ठहरने की नि:शुल्क व्यवस्था

प्रदेश में 26 व 27 जुलाई को होने वाली कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी-2025) परीक्षा के मध्य नजर जिला प्रशासन की ओर से जिला में दूर-दराज से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए ठहरने की निशुल्क व्यवस्था की गई है। उपायुक्त डॉ विवेक भारती ने बताया कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए नारनौल में धर्मशाला, कम्युनिटी सेंटर व रेन बसेरा में लोगों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। इनका ओवरऑल इंचार्ज नगर परिषद के ईओ दीपक गोयल होंगे। उन्होंने बताया कि दुलीचंद धर्मशाला पार्क गली, अग्रवाल धर्मशाला नागरिक अस्पताल, सैनी सभा रेवाड़ी रोड नारनौल, यादव धर्मशाला बस स्टैंड के पीछे, नामदेव की धर्मशाला पुल बाजार, हुडडा कम्युनिटी सेंटर हुडडा सेक्टर नियर सीएल पब्लिक स्कूल, रेन बसेरा नजदीक बस स्टैंड व नजदीक सिविल हॉस्पिटल रेन बसेरा में ठहरने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि दुलीचंद धर्मशाला में ठहरने के लिए धर्मशाला मेंबर सतीश गर्ग के मोबाइल नंबर 9416416725 पर फोन कर सकते हैं। इसी प्रकार अग्रवाल धर्मशाला में ठहरने के लिए तरुण कौशिक के मोबाइल नंबर 7988849861 पर, सैनी सभा में ठहरने के लिए विकास कुमार सैनी के मोबाइल नंबर 9017733463 पर, यादव धर्मशाला में ठहरने के लिए कंवर सिंह के मोबाइल नंबर 9466924414 पर और नामदेव की धर्मशाला में ठहरने के लिए प्रदीप के मोबाइल नंबर 6376583760 पर फोन कर सकते हैं।

### नारनौल में यह बनाएं गए परीक्षा सेंटर

पीजी कॉलेज नारनौल में तीन परीक्षा सेंटर है। ओसिएस इंटरनेशनल स्कूल, बीकेएन पॉलिटेक्निकल कॉलेज, हरियाणा पब्लिक स्कूल, सीएल पब्लिक स्कूल, महिला महाविद्यालय नारनौल, भारती पब्लिक स्कूल नारनौल, सूरज स्कूल लहरोदा, जीएमएसएसएसएस नारनौल, एमएलएस डीएवी पब्लिक स्कूल नारनौल, यदुवंशी शिक्षा निकेतन पटीकरा व आरपीएस पब्लिक स्कूल सुराना में दो–दो सेंटर बनाए गए है। वहीं संस्कार भारती पब्लिक स्कूल कोरियावास, सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारनौल, पीएम श्री जीजीएसएसएस नारनौल, यूरेका पब्लिक स्कूल नारनौल व एसवीएन पब्लिक स्कूल नीरपुर में एक–एक परीक्षा सेंटर स्थापित किया गया है।

### रेवाड़ी में बने परीक्षा केंद्रों के लिए शटल सेवा का शेड्यूल

नारनौल। हरियाणा राज्य परिवहन नारनौल डिपो के महाप्रबंधक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ओर से 26 व 27 जुलाई को होने वाली सीईटी की परीक्षा के लिए महेंद्रगढ़ जिला से राज्य परिवहन की बसों में रेवाड़ी जाने वाले परीक्षार्थी रेवाड़ी से शटल सेवा से अपने-अपने परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समयावधि में पहुंच सकेंगें। रेवाड़ी परीक्षा केंद्रों के लिए 11 रूट निर्धारित किए गए है। ऐसे में परीक्षार्थी नई सब्जी मंडी बिठवाना पर बने मुख्य स्थान से अपने-अपने परीक्षा केंद्र के लिए शटल सर्विस का लाभ उठा सकते हैं।

**परीक्षा केंद्रों के यह रहेंगे 11 रूट**

▶▶ रूट नंबर 1 (नई सब्जी मंडी बिठवाना से सरकुलर रोड रेवाड़ी शहरी क्षेत्र) : परीक्षा केंद्र क्रमांक 29046 राज इंटरनेशनल स्कूल, केंद्र क्रमांक 29024 होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल, केंद्र क्रमांक 29052 सैनी पब्लिक स्कूल, केंद्र क्रमांक 29030, 29016, 29029 क्रमश: जैन पब्लिक स्कूल, जैन बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल व जैन गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, केंद्र क्रमांक 29037 महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल, केंद्र क्रमांक 29042 व 29043 पीएम श्री गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल तथा केंद्र क्रमांक 29047 राव बहादुर सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल यादव नगर कनकरवाली बेरली रोड रेवाड़ी

▶▶ रूट नंबर 2 (नई सब्जी मंडी बिठवाना से धारूहेड़ा): परीक्षा केंद्र क्रमांक 29031 व 29032 केएलपी कॉलेज नजदीक राव तुलाराम स्टेडियम, परीक्षा केंद्र क्रमांक 29007 डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल पुलिस लाइन, परीक्षा केंद्र क्रमांक 29054 व 29055 श्री कृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव हांसाका रोड, परीक्षा केंद्र क्रमांक 29039 माउंट हेरीटेज इंटरनेशनल स्कूल गांव बलियार खुर्द, परीक्षा केंद्र क्रमांक 29048 ऋषि पब्लिक स्कूल गांव हांसाका, परीक्षा केंद्र क्रमांक 29050 व 29051 आरपीएस पब्लिक स्कूल गांव बलियार कलां, परीक्षा केंद्र क्रमांक 29009 दिल्ली पब्लिक स्कूल गांव जोनावास, परीक्षा केंद्र क्रमांक 29010 व 29011 यूरो इंटरनेशनल स्कूल गांव जोनावास, परीक्षा केंद्र क्रमांक 29060, 29061, 29062, 29063 सूरज सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव रसगन, परीक्षा केंद्र क्रमांक 29022 व 29023 गुरुकुलम द स्कूल गांव मसानी व परीक्षा केंद्र क्रमांक 29014 गवर्नमेंट कॉलेज गांव खरखड़ा।

▶▶ रूट नंबर 3 (नई सब्जी मंडी बिठवाना से बोडिया कमालपुर) : परीक्षा केंद्र क्रमांक 29020 व 29021 गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल रेवाड़ी, परीक्षा केंद्र क्रमांक 29001 अहीर कॉलेज रेवाड़ी, परीक्षा केंद्र क्रमांक 29017 गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव बूढ़पुर, परीक्षा केंद्र क्रमांक 29004 भारती इंटरनेशनल स्कूल बांउय़िा कमालपुर, परीक्षा केंद्र क्रमांक 29008 डाउन निलायम पब्लिक स्कूल गांव बालावास जमापुर बेरली रोड।

▶▶ रूट नंबर 4 (नई सब्जी मंडी बिठवाना से खोरी) : परीक्षा केंद्र क्रमांक 29027 व 29028 जय राम नर्सिंग कॉलेज नियर डाइट गांव हुसैनपुर, परीक्षा केंद्र क्रमांक 29038 माता राजकौर कॉलेज गांव गांगुली साहरनवास, परीक्षा केंद्र क्रमांक 29057 व 29058 सनगलो इंटरनेशनल स्कूल गांव गांगुली साहरनवास, परीक्षा केंद्र क्रमांक 29040 नव ज्योति स्कूल पिथरावास।

▶▶ रूट नंबर 5 (नई सब्जी मंडी बिठवाना से गणेशी लाल हिंदू स्कूल): परीक्षा केंद्र क्रमांक 29041 पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी गांव बिठवाना, परीक्षा केंद्र क्रमांक 29044 प्रथम इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव धामलाका, परीक्षा केंद्र क्रमांक 29056 सोमानी इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, 29005 कैंब्रिज स्कूल सहबाजपुर पाडियावास, 29013 गणेशी लाल हिंदू पब्लिक स्कूल सहबाजपुर पाडियावास।

▶▶ रूट नंबर 6 (नई सब्जी मंडी बिठवाना से रोलियावास): परीक्षा केंद्र क्रमांक 29067 व 29068 वृंदावन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल महेंद्रगढ़ रोड, परीक्षा केंद्र क्रमांक 29019 गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव सहारनवास, परीक्षा केंद्र क्रमांक 29064 टैगोर पब्लिक स्कूल जाडरा गांव, परीक्षा केंद्र क्रमांक 29065 व 29066 विकास इंटरनेशनल स्कूल गांव रोलियावास।

▶▶ रूट नंबर 7 (नई सब्जी मंडी बिठवाना से कोसली): परीक्षा केंद्र क्रमांक 29002व 29003 अरावली इंटरनेशनल स्कूल गांव गोकलगढ़, परीक्षा केंद्र क्रमांक 29018 गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव गोकलगढ़, परीक्षा केंद्र क्रमांक 29006 गवर्नमेंट पॉलिटेक्निकल कॉलेज लिसाना, परीक्षा केंद्र क्रमांक 29045 आर सी ग्रीन फील्ड स्कूल गांव गंगायाचा जाट, परीक्षा केंद्र क्रमांक 29049 रॉयल पब्लिक स्कूल गांव रोडहाई, परीक्षा केंद्र क्रमांक 29059 सूरज सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव गुडियानी, परीक्षा केंद्र क्रमांक 29006 डीएवी गर्ल्स कॉलेज कोसली।

▶▶ रूट नंबर 8 (नई सब्जी मंडी बिठवाना से डोहकी): परीक्षा केंद्र क्रमांक 29012 जीडी गोयनका स्कूल रेवाड़ी, परीक्षा केंद्र क्रमांक 29069 व 29070 यदुवंशी शिक्षा निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव डोहकी।

▶▶ रूट नंबर 9 (नई सब्जी मंडी बिठवाना से जैतडावास): परीक्षा केंद्र क्रमांक 29053 सरस्वती विद्या निकेतन भडवास रोड रेवाड़ी, परीक्षा केंद्र क्रमांक 29034 केरला पब्लिक स्कूल गांव जैतडावास।

▶▶ रूट नंबर 10 (नई सब्जी मंडी बिठवाना से राजपुरा) : परीक्षा केंद्र क्रमांक 29025 व 29026 आईजीयू मीरपुर, परीक्षा केंद्र क्रमांक 29035 व 29036 एमएलपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव राजपुरा आलमगीरपुर।

---

## खबर संक्षेप

### विपिन खन्ना ने पास की नेट की परीक्षा

**मंडी अटेली।** गांव सिलारपुर की विपिन खन्ना पुत्री विजय सिंह ने दूसरी बार में नेट परीक्षा पास की है।



राजनीतिक विषय में 84 प्रतिशत के साथ सफलता प्राप्त की है। उनके परिवार में खुशी का माहौल है। विपिन खन्ना ने शुरू से पढ़ाई सरकारी स्कूल से की थी। बीए व एमए की पढ़ाई राजकीय महाविद्यालय नारनौल से की तथा बिना कोचिंग के घर पर रहकर तैयारी की थी।

### प्रो. सोमवीर ने पाई नेट में सफलता

**नारनौल।** गांव सिहमा के प्रोफेसर सोमवीर सवितोष ने योग विषय में



नेट की परीक्षा अपने पहले ही प्रयास में पास की है। वो फिजिक्स के असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में 2019 से मध्य प्रदेश में कार्यरत हैं। उनहोन फिजिक्स विषय में जेआरएफ, गेट, जेस्ट आदि होने के बाद अब योग विषय में भी यह राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा को पास किया है। उनकी शिक्षा आईआईटी दिल्ली से हुई है। उन्होंने कहा कि फिजिक्स हमें बाहरी दुनिया का ज्ञान देती है या योग भीतरी दुनिया का।

### राहुल ने नेट-जेआरएफ किया क्वालीफाई

**नारनौल।** गांव शाहपुर अव्वल मांदी निवासी राहुल पुत्र सतीश



कुमार ने पहले ही प्रयास में नेट जेआरएफ क्वालीफाई किया है। राहुल कुमार ने बताया कि उन्होंने ज्योग्राफी विषय में पहले ही प्रयास में नेट जेआरएफ क्वालीफाई किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता व परिजनों को दिया। राहुल कुमार ने बताया कि उन्होंने इसके लिए किसी भी शिक्षण संस्थान से कोचिंग नहीं ली और घर पर ही पढ़ाई की। उनकी इस सफलता पर विधायक ओमप्रकाश यादव व क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोगों ने बधाई दी है।

## बीजेआरडी स्कूल में मनाया गया शिवरात्रि पर्व

- कार्यक्रम का शुभारंभ डाक कांवड़ चढ़ाकर किया गया, नाटिका से शिव की महिमा का गुण गान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

बीजेआरडी स्कूल में शिवरात्रि का पर्व मनाया गया। जिसमें छात्र विराट व केवल ने डाक कावड़ चढ़ाई और विद्यालय के डायरेक्टर राजपाल यादव व चेयरपर्सन शीला यादव ने शिवजी की पूजा अर्चना की। सीईओ रमेश यादव ने सावन में शिव आराधना के महत्व को दशार्ते हुए बच्चों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ डाक कांवड़ चढ़ाकर किया गया। उसके बाद नाटिका शिव की महिमा अंकुश व उसके ग्रुप द्वारा प्रस्तुत की गई। कक्षा तीसरी से प्रियांशी और उसके ग्रुप ने ठंडी-ठंडी हवा चली नृत्य कर सभी का मन मोह लिया। कक्षा चौथी व पांचवीं से इशु तथा उसके ग्रुप ने लाडू लाडू सारा साल नृत्य कर शंकर की महिमा का बखान किया साक्षी, सोनाक्षी और ग्रुप ने तू खड़ी खड़ी क्यों हाले गौरा गाने पर नृत्य कर मां पार्वती व भोले का किरदार निभाया। प्राचार्य सुरेश सैनी ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम करते रहने चाहिए। चेयरपर्सन शीला यादव ने सावन के शिवरात्रि पर्व की महत्ता को दशार्ते हुए भगवान शिव का जलाभिषेक व रुद्राभिषेक किया। पीआरओ विजेंद्र यादव ने कहा कि बच्चों को हमारी संस्कृति के प्रति जागरूक करने के लिए यह सबसे अच्छा अवसर है कि हम अपने सभी त्योहारों के बारे में बच्चों को विस्तार से बताएं और समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम करवाते रहें। इस अवसर पर प्राइमरी हेड सीमा शर्मा, मंजीत मलिक, शिवराज, अमित यादव, ज्योति यादव, टीना यादव, सुरेखा एवं समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।


महेंद्रगढ़। भगवान शिव की वेशभूषा में विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## मोहल्ला गुदड़ी में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया

- बूटी ज्ञान की पीला दे भोलेनाथ भजन पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


नारनौल। सुंदरकांड पाठ करते श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

श्रीराम हनुमान गुणगान प्रचार मंडल व श्रीराम मेहंदीपुर बालाजी सेवा संघ के तत्वावधान में मंगलवार रात मोहल्ला गुदड़ी में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल के प्रधान आचार्य क्रांति निर्मल ने की। सर्वप्रथम पंडित जितेंद्र शर्मा ने यजमान मंगलसिंह यादव, मंजू यादव, रवि यादव व सपना से परिवार सहित पूजन करवा बाबा की ज्योति प्रज्वलित करवाई। इसके बाद हनुमान चालीसा व रामधुन के साथ सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया गया। जिसमें पंडित महेश शर्मा, दीपक शर्मा, काशीराम पार्षद, विजय जैन, पंडित अजय शर्मा, विजय हल्दिया व सुरेंद्र सैनी आदि ने सुंदरकांड पाठ के दौहे व चौपाइयों का गायन किया। पाठ समापन के बाद भजनों का दौर शुरू हुआ। जिसमें गायक प्रवीण पटीकरा ने सीता हरके ले गया रावण मूंछ वाला पता लगाने चला है हनुमत पूछ वाला व डॉ. सुभाष ने मंदिर में सज रहे हो मर्जी है क्या तुम्हारी दर्शन को सब खड़े है शंकर को प्रसन्न करते हुए बूटी ज्ञान की पीला दे भोलेनाथ भजन सुनकार वातावरण भक्तिमय बना दिया।

## चन्द्रशेखर आजाद को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। चन्द्र शेखर आजाद को नमन करते संगठन सदस्य। फोटो: हरिभूमि

आजादी आन्दोलन के गैर समझौतावादी धारा के महान क्रान्तिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर नौजवानों के क्रांतिकारी संगठन एआईडीवाईओ की ओर से जिला सचिव सतीश कुमार सहित ने आजाद चौक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आजादी आन्दोलन के महान सपूत को मान सम्मान से याद किया। इसके पश्चात राव बंशीसिंह पार्क में जयंती समारोह का आयोजन किया। जिसमें मास्टर मूलचंद सैनी, संजय, सौरभ चौधरी, मोनू सहित शहर के गणमान्य नागरिकों ने चन्द्रशेखर आजाद की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर एआईडीवाईओ के जिला सचिव सतीश कुमार ने कहा कि आजादी आन्दोलन में चन्द्रशेखर आजाद जैसे गैर समझौतावादी धारा के क्रान्तिकारियों ने शोषणविहीन समाज का जो सपना संजोया था, वह आज भी अधूरा है। आज देश के युवाओं को केवल और केवल ऐसे महान शहीदों के जीवन संघर्ष वआदर्श ही सच्ची राह दिखा सकते हैं।

### विनोद ने उत्तीर्ण की यूजीसी नेट परीक्षा

**सतनाली मंडी।** खंड के गांव बास सतनाली वासी विनोद कुमार पुत्र सुबेसिंह ने



राजनीति विज्ञान विषय में यूजीसी नेट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विनोद कुमार ने इडब्ल्युएस जनरल कैटेगरी में राजनीति विज्ञान विषय में 78.18 परसेंटाइल प्राप्त कर परीक्षा में सफलता प्राप्त की। वर्तमान में विनोद कुमार पी.एचडी कर रहे है।

## बीए चतुर्थ सेमेस्टर में महिला कॉलेज अटेली का परिणाम शानदार



मंडी अटेली। महाविद्यालय में छात्राओं को सम्मानित करता स्टाफ। फोटो: हरिभूमि

**मंडी अटेली।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर की ओर से घोषित बीए चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में राजकीय महिला महाविद्यालय का परिणाम शानदार रहा। महाविद्यालय की तीन छात्राओं ने विश्वविद्यालय की टॉप 10 सूची में जगह बनाई है। चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा दीपिका ने 354 अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय मेरिट में प्रथम, ज्योति ने 350 अंक प्राप्त कर तृतीय, संगीता ने 344 अंक प्राप्त कर छठा स्थान प्राप्त किया। विश्वविद्यालय टॉप करने वाली इन सभी छात्राओं को महाविद्यालय की तरफ से सम्मानित किया गया।

### खुशबू सैनी ने नेट परीक्षा उत्तीर्ण की

**मंडी अटेली।** अटेली मंडी निवासी खुशबू सैनी पुत्री भगवान दास सैनी



ने प्रथम प्रयास में ही 95.5 प्रतिशत अंक लेकर वाणिज्य विषय में नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। खुशबू सैनी ने आरंभ से ही अपनी पढ़ाई सरकारी स्कूल से की है। वहीं राजकीय महाविद्यालय अटेली से ही अपनी बीकॉम व एमकॉम की डिग्री की साथ ही बिना कोई कोचिंग के घर पर रह कर नेट परीक्षा दी और सफलता प्राप्त की।


नारनौल। चन्द्रशेखर आजाद को नमन करते संगठन सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### आजाद चौक में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाई

**नारनौल।** अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती के पावन अवसर पर ऐतिहासिक आजाद चौक परिसर में देशभक्ति से ओतप्रोत वातावरण देखने को मिला। आजाद चौक युवा संगठन की ओर से इस अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के गणमान्य नागरिकों व युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद संगठन के प्रधान लोकेश निर्मल ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद भारत मां के ऐसे वीर सपूत थे, जिन्होंने हंसते हंसते देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनका जीवन आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन देशभक्ति की भावना को सशक्त करने और युवाओं को देशसेवा की ओर प्रेरित करने का माध्यम हैं।

### राठीवास में कांवड़ जलाभिषेक, मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा रहे मुख्यातिथि

## श्रावण मास में शिवजी का जलाभिषेक होता है पुण्यदायक

- मंत्री ने भूरास्ता मंदिर में 11 लाख रुपये देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

श्रावण मास की पावन शिवरात्रि पर गांव राठीवास के भूरास्ता मंदिर में गोमुख से लाई गई पवित्र कावड़ का जलाभिषेक किया गया। यह कावड़ कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा के भाई राजेंद्र उर्फ राजू शर्मा द्वारा लाई गई थी। इस धार्मिक अनुष्ठान में सहकारिता एवं जेल मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि श्रावण मास में सच्चे मन से लायी गई कावड़ से शिवजी का जलाभिषेक विशेष पुण्यदायक होता है। उन्होंने पूर्व मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा के परिवार की सराहना करते हुए कहा कि यह परिवार पिछले 42 वर्षों से गोमुख और हरिद्वार से कावड़ लाकर जलाभिषेक की परंपरा निभा रहा है, जो अनुकरणीय है।

पूर्व मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने कहा कि जब वे विधायक थे, तब स्वयं दो बार कावड़ लाकर जलाभिषेक करने का सौभाग्य मिला। शर्मा ने भूरास्ता मंदिर में 11 लाख रुपये देने की घोषणा की।


महेंद्रगढ़। जलाभिषेक करते सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा और पूर्व मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा का परिवार। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

प्रो. शर्मा की पत्नी बिमला शर्मा, उर्मिला शर्मा, युवा भाजपा नेता गौतम शर्मा, नवीन शर्मा सहित पूरा परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम में विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव, डॉ. अभय सिंह यादव पूर्व मंत्री, राव बहादुर सिंह पूर्व विधायक, शशि रंजन परमार पूर्व विधायक, सीताराम यादव पूर्व विधायक, कैलाशचंद शर्मा पूर्व मंत्री, भाजपा जिलाध्यक्ष यतेंद्र यादव, गौड़ ब्राह्मण सभा नारनौल के प्रधान राकेश महता एडवोकेट जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार, भाजपा नेत्री सरला यादव, सरोज यादव, टिप्पर चंद शर्मा फरीदाबाद, गोविंद भारद्वाज, लीलाराम डायरेक्टर, बिल्लू चेयरमैन, विजयलक्ष्मी महेंद्रगढ़ ब्लॉक समिति चेयरमैन, मलखान सिंह पूर्व सरपंच पाली, सुरेश यादव कुराहवटा, लाला सुभाष अग्रवाल, जिला पार्षद संतोष पीटीआई डॉ. जयप्रकाश लावण, सेवानिवृत्ति वन अधिकारी धर्मवीर झुक, दुर्गा प्रसाद एडवोकेट राठीवास सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।